समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# Elon Musk से Mark Zuckerberg तक, कैसे होती है टेक लीडर्स...

Publisher Published on 18 Jan 2025



दुनिया की जानी-मानी टेक कंपनियों के सीईओ जैसे **Elon Musk, Jeff Bezos, Mark Zuckerberg, Tim Cook** अपने काम के साथ-साथ अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के लिए भी जाने जाते हैं. खासकर उनकी सुबह की दिनचर्या काफी दिलचस्प होती है. ये लोग अपनी सुबह को इतनी खास तरीके से बिताते हैं कि पूरा दिन उनके लिए बेहतर हो जाता है. लोगों में इस बात को लेकर उत्सुकता रहती है दुनिया के सबसे सफल अरबपति अपने दिन की शुरूआत कैसे करते हैं. अगर आप भी यह जानना चाहते हैं तो यहां आपको पूरी जानकारी मिलेगी. आइए आपको सबसे सक्सेसफुल बिलिनियर्स के मॉर्निंग रुटीन के बारे में बताते हैं.

टेक जाइंट कंपनी **ऐप्पल के सीईओ टिम कुक** सुबह जल्दी उठते हैं. वे **3:45 बजे** उठ जाते हैं और शुरू के एक घंटे वे ईमेल चेक करते हैं. इसके बाद वे जिम जाते हैं और एक घंटे वर्क आउट करते हैं. एक्सरसाइज के दौरान वे फोन चेक करना पसंद नहीं करते.

### Elon Musk

रिपोर्ट्स के मुताबिक **टेस्ला** और **स्पेसएक्स** के सीईओ एलन मस्क सुबह 7 बजे उठ जाते हैं. वे सबसे पहले अपना फोन चेक करते हैं और कभी-कभी डोनट खाते हैं. वे अपने दिन को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर काम करते हैं.

### Jeff Bezos

अमेजन के सीईओ **जेफ बेजोस** सुबह आराम से उठना पसंद करते हैं. वे अपने बच्चों के साथ नाश्ता करते हैं और अखबार पढ़ते हैं. वे सुबह के समय फोन का इस्तेमाल नहीं करते हैं.

### Mark Zuckerberg

मेटा के फाउंडर **मार्क जुकरबर्ग** सुबह 8 बजे उठकर सबसे पहले **फेसबुक, मैसेजंर** और **व्हाट्सएप** चेक करते हैं. खुद को फिट रखने के लिए वे एक्सरसाइज करते हैं और रोजाना एक ही तरह के कपड़े पहनते हैं.

### Sam Altman

ओपनएआई के सीईओ **सैम अल्टमैन** सुबह उठकर सबसे पहले एक कप कॉफी पीते हैं और फिर अपने सबसे जरूरी काम निपटाते हैं. स्नैपचैट के को-फाउंडर इवान स्पिगेल सुबह 5 बजे उठकर मेडिटेशन और एक्सरसाइज करना पसंद करते हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.